an>

Title: Need to develop Govind Sahib as a tourist place in Sant Kabir Nagar Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): अध्यक्ष महोदया, मेरे लोक सभा क्षेत्र के जिला अंबेडकर नगर के आलापुर तहसील में गोविंद साहब का एक बहुत बड़ा पर्यटन स्थल है, जहां पर हर साल बहुत बड़ा मेला लगता, जिसमें देश भर के हजारों श्रद्धालु आते हैं, लेकिन उनके रहने की समुचित व्यवस्था तथा अन्य संसाधनों की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मेले में श्रद्धालुओं द्वारा लाखों रूपये का चढ़ावा भी आता है जो कि सरकारी खजाने में जमा होता है। लेकिन उसमें से इस स्थान के संरक्षण और विकास के लिए एक रूपया भी खर्च नहीं किया जाता है। इस कारण उस क्षेत्र के लोगों की भावनाएं काफी आहत हो रही हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से तत्काल चाहूंगा कि उस स्थल के विकास पर ध्यान दें और कम से कम वहां से हो रही आय को स्थान के विकास में लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, तथा इसे भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की वेबसाइट पर भी डाला जाए।

माननीय अध्यक्ष : श्री केशव प्रसाद मौर्य, श्री चन्द्र प्रकाश जोशी एवं कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री शरद त्रिपाठी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।